/24

संख्या– 181549 /XXIV-B-1 /24/31(01)/2020

प्रेषक,

रंजना राजगुरू,
अपर सचिव,
उत्तराखण्ड शासन।

सेवा में,

1. निदेशक, माध्यमिक शिक्षा, उत्तराखण्ड, देहरादून।
2. निदेशक, अकादमिक शोध एवं प्रशिक्षण, उत्तराखण्ड।

माध्यमिक शिक्षा अनुभाग–01 देहरादूनः दिनांकः 11 जनवरी, 2024

विषयः प्रदेश के उच्च प्राथमिक एवं माध्यमिक विद्यालयों में बस्ता रहित दिवसों के संचालन के सम्बन्ध में।

महोदय,

उपरोक्त विषयक निदेशक, अकादमिक शोध एवं प्रशिक्षण के पत्रांक SCERT/NEP/Bagless day/6118–19/2023–24, दिनांक 09.10.2023 द्वारा प्रदेश के उच्च प्राथमिक एवं माध्यमिक विद्यालयों में बस्ता रहित दिवसों के संचालन के सम्बन्ध में उपलब्ध कराये गये प्रस्ताव के कम में मुझे यह कहने का निदेश हुआ है कि राष्ट्रीय शिक्षा नीति–2020 के अध्याय–4 'स्कूलों में पाठ्यक्रम और शिक्षणशास्त्र" के अनुच्छेद 4.26 तथा राष्ट्रीय शिक्षा नीति–2020 के कियान्वयन दस्तावेज सार्थक के टास्क संख्या–92 में की गई अनुशंसा के कम में प्रदेश के समस्त उच्च प्राथमिक विद्यालयों एवं माध्यमिक विद्यालयों में प्रतिवर्ष 10 बस्ता रहित दिवसों के संचालन की श्री राज्यपाल महोदय सहर्ष स्वीकृति प्रदान करते हुए निम्नलिखित दिशा–निर्देश पारित करते हैं:–

1. बस्ता रहित दिवसों के उद्देश्य–
    - बस्ते के बोझ को कम करना।
    - गतिविधियों के माध्यम से छात्रों में निहित प्रतिभाओं का समुचित विकास करना।
    - छात्रों में स्थानीय व्यवसायों तथा हस्तशिल्प का कौशल विकसित करना।
    - छात्रों में श्रम के प्रति सम्मान की भावना विकसित करना।
2. कक्षा 06 से 12 के सभी छात्र 10 बस्ता रहित दिवसों में प्रतिभाग करेंगे, जिसमें वे स्थानीय व्यावसायिक विशेषज्ञों जैसे कृषक, बुनकर, कुम्हार, स्थानीय कलाकार आदि से प्रशिक्षण प्राप्त करेंगे। इसी प्रकार सभी छात्रों को अवकाश दिवसों में विभिन्न व्यावसायिक विषयों को सीखने के अवसर उपलब्ध करावाये जा सकते हैं।

Generated from eOffice by KAPIL GAUR, RO-SECONDARY EDU-1-KG, REVIEW OFFICER, Secondary Education Department on 11/01/2024 04:36 PM

3. सम्पूर्ण वर्ष में ऐसे बस्ता रहित दिवसों में विभिन्न प्रकार की संवर्द्धन गतिविधियों जैसे कला, प्रश्नोत्तरी, खेल और व्यावसायिक हस्तशिल्प आदि को प्रोत्साहित किया जायेगा। विद्यालय से बाहर की गतिविधियों से परिचित कराने के लिए छात्रों को समय–समय पर अपने गांव/तहसील/जिला/राज्य के ऐतिहासिक, सांस्कृतिक और पर्यटक महत्व के स्थान/स्मारकों का भ्रमण, स्थानीय कलाकारों और शिल्पकारों से साक्षात्कार तथा उच्च शिक्षण संस्थानों का भ्रमण करवाया जायेगा।

4. बस्ता रहित दिवसों हेतु सुझावात्मक गतिविधियां–

कार्य के प्रकार	उच्च प्राथमिक	माध्यमिक
जैविक रूप (Life Forms)	मृदा प्रबंधन और मिट्टी के प्रारम्भिक कार्य। कृषि/बागवानी की विभिन्न पद्धतियां।	प्रकृति अनुकूल कृषि। प्रकृति संरक्षण/पुनर्स्थापना। नर्सरी प्रबंन्धन। पुशधन पालन। वित्तीय सेवाएं। सौंदर्य और व्यक्तिगत देखभाल। उद्योग।
मशीन और सामग्री (Material & Materials)	कागज, लकड़ी, मिट्टी, कपड़ा, पेंट, स्याही जैसी सामग्रियों का उपयोग करके हस्तशिल्प कार्य। आधुनिक मशीनों सहित प्रारम्भिक मशीनों का उपयोग करना।	सिलाई। बढ़ईगिरी। वेल्डिंग और कार्स्टिग। मिट्टी के बर्तन। स्थानीय कला। रोबोटिक मशीनिंग। इलेक्ट्रॉनिक उपकरण मरम्मत।
मानवीय सेवाएं (Human Services)	कुशल संवाद की अभिरूचि और टीमों में काम करने की योग्यता। स्वास्थ्य देखभाल और आतिथ्य के आधार। बुनियादी सूचना एवं संचार प्रौद्योगिकी तथा तकनीकी कौशल।	स्वास्थ्य देखभाल। बिजली का काम। परिवहन सेवाएं। विकय और विपणन। आतिथ्य और पर्यटन। इण्टरमीडिएट सूचना एवं संचार प्रौद्योगिकी तथा तकनीकी कौशल।

Generated from eOffice by KAPIL GAUR, RO-SECONDARY EDU-1-KG, REVIEW OFFICER, Secondary Education Department on 11/01/2024 04:36 PM

2– राष्ट्रीय शिक्षा नीति, 2020 एवं नीति के कियान्वयन हेतु निर्गत दिशा–निर्देश **'SARTHAQ'** के क्रम में प्रदेश के समस्त उच्च प्राथमिक विद्यालयों एवं माध्यमिक विद्यालयों में प्रतिवर्ष 10 बस्ता रहित दिवसों के संचालन के सम्बन्ध में उक्त दिशा–निर्देशों के अनुरूप कार्यवाही सुनिश्चित करने का कष्ट करें।

प्रश्नगत योजना के सम्बन्ध में यथावश्यकतानुसार दिशा–निर्देश पृथक से निर्गत किये जायेंगे।

भवदीय,

Signed by Ranjana Rajguru
Date: 11-01-2024 14:25:21
(रंजना राजगुरू)
अपर सचिव

संख्या– 181549/XXIV–B–1/24–31(01)/2020 तद्दिनांकित।
प्रतिलिपिः– निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।

1. निजी सचिव–मा0 मुख्यमंत्री, उत्तराखण्ड शासन।
2. निजी सचिव–मा0 मंत्री, विद्यालयी शिक्षा, उत्तराखण्ड शासन।
3. निजी सचिव–मुख्य सचिव, उत्तराखण्ड शासन।
4. महानिदेशक, विद्यालयी शिक्षा, उत्तराखण्ड, देहरादून।
5. अपर निदेशक, कुमांऊ/गढ़वाल मण्डल।
6. गार्ड फाईल।

आज्ञा से,
Signed by Anil Kumar Pandey
Date: 11-01-2024 16:01:17

(अनिल कुमार पाण्डे)
उप सचिव

enerated from eOffice by KAPIL GAUR, RO-SECONDARY EDU-1-KG, REVIEW OFFICER, Secondary Education Department on 11/01/2024 04:36 PM